# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 270/2025

## इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र तथा क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक) कार्यक्रम एवं परीक्षा के उपरांत परीक्षाफल जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा कराने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर संचालित होगी।

2. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा की सैद्धान्तिक परीक्षाएँ **दिनांक 19.11.2025 से 26.11.2025 तक** एवं प्रायोगिक परीक्षाएँ **दिनांक 27.11.2025 से 29.11.2025 तक** आयोजित होंगी, जिसका कार्यक्रम कंडिका–5 में उल्लिखित है। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के प्रश्न पत्र **दिनांक 10.11.2025 से 15.11.2025 तक** की अवधि में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में भेजे जाएँगे, जिन्हें शिक्षण संस्थान के प्रधान **दिनांक 18.11.2025 तक** स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से वहाँ से प्राप्त कर लेंगे।

3. +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर आयोजित होने वाली उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में वही विद्यार्थी सम्मिलित होंगे, जिनकी उपस्थिति उनके शिक्षण संस्थान में न्यूनतम 75 प्रतिशत हो। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। यदि उक्त कोटि के विद्यार्थी किसी विषय/विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होते हैं अर्थात अनुपस्थित रहते हैं अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण (Fail) रहते हैं, तो वैसे विद्यार्थी को इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा तथा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जाएगा। पूर्ववर्ती (Ex.) कम्पार्टमेन्टल (Compartmental) एवं समुन्नत (Improvement) कोटि के विद्यार्थी को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना है।

4. उल्लेखनीय है कि गत वर्ष की भाँति उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा की व्यवस्था (प्रणाली) को पारदर्शी एवं उत्कृष्ट बनाने की आवश्यकता है, ताकि इन परीक्षाओं की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो एवं इसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थी वास्तविक रूप से समिति द्वारा आयोजित होने वाली इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने के मापदण्ड पर अपनी अर्हता एवं योग्यता प्रमाणित कर सके। इस उद्देश्य से निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) के ज्ञापांक 09/बि0वि0प0स0–12/2020–557 दिनांक 18.09.2020 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में निम्नांकित कार्रवाई की जानी है:–

i. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के लिए प्रश्न पत्रों का विषयवार निर्धारण समिति स्तर पर किया गया है तथा इसकी आपूर्ति समिति द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों को निःशुल्क उपलब्ध होगा। इस पर होने वाला व्यय समिति द्वारा वहन किया जाएगा और इसके लिए विद्यार्थियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

ii. समिति द्वारा आपूरित प्रश्न पत्र का प्रारूप उच्च माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि परीक्षार्थी पूर्व से ही समिति द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा के लिए अपने आप को तैयार कर सकें।

iii. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का आयोजन एवं मूल्यांकन पूर्व व्यवस्था के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर ही किया जाएगा।

**5. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों के सैद्धान्तिक विषयों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् है:–**

### Programme of Intermediate Sent-up Examination (Theory), 2025
### (For Annual Exam. 2026)

| Date of Examination | Faculty | 1st Sitting (9:30 AM to 12:45 PM) ("Cool off" time - 09:30 AM to 09:45 AM) | | Faculty | 2nd Sitting (02.00 PM to 5:15 PM) ("Cool off" time - 02:00 PM to 02:15 PM) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19-11-2025 (Wednesday) | I.Sc | 117- Physics | | I.A. | 322- Political Science | |
| | I.A. | 320- Philosophy | | I.Com. | 220- Accountancy | |
| | I.Com | 218- Entrepreneurship | | I.Sc | 118- Chemistry | |
| | Voc. | 402- Foundation Course | | Voc. | Elective Subject Trade Paper – 1 (From Sub. Code 404 to 430) | |
| 20-11-2025 (Thursday) | I.Sc | 121- Mathematics | | I.A. | 323- Geography | |
| | I.A. | 327- Mathematics | | I.Sc. | 119- Biology | |
| | Voc. | Elective Subject Trade Paper – 2 (From Sub. Code 431 to 457) | | I.Com. | 217- Business Studies | |
| 21-11-2025 (Friday) | I.Sc | 105- English<br>124- English | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा **विषय समूह–1** के अन्तर्गत भाषा विषय अथवा अतिरिक्त विषय के रूप में चयन किया गया है। | I.Sc | 106- Hindi, 107- Urdu, 108- Maithili, 109-Sanskrit, 110-Prakrit, 111-Magahi, 112-Bhojpuri, 113-Arabic, 114-Persian, 115- Pali, 116- Bangla | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा **विषय समूह–2** के अन्तर्गत किसी एक भाषा विषय का चयन किया गया है। |
| | I.Com | 205- English<br>223- English | | I.Com | 106- Hindi, 107- Urdu, 108- Maithili, 109-Sanskrit, 110-Prakrit, 111-Magahi, 112-Bhojpuri, 113-Arabic, 114-Persian, 115- Pali, 116- Bangla | |
| | I.A. | 305- English<br>330- English | | I.A. | 306- Hindi, 307- Urdu, 308- Maithili, 309-Sanskrit, 310-Prakrit, 311-Magahi, 312-Bhojpuri, 313-Arabic, 314-Persian, 315- Pali, 316- Bangla | |
| | Voc. | 403- English | | Voc. | 401- Hindi, 503- Urdu, 504- Maithili, 505-Sanskrit, 506-Prakrit, 507-Magahi, 508-Bhojpuri, 509-Arabic, 510-Persian, 511- Pali, 512- Bangla | |
| 22-11-2025 (Saturday) | I.Sc | 136-Security, 137-Beautician, 138-Tourism, 139- Retail Management, 140-Automobile, 141-Electronics & H/W, 142-Beauty & Wellness, 143- Telecom, 144- It/ITes | | I.Sc | 125- Hindi, 126- Urdu, 127- Maithili, 128-Sanskrit, 129-Prakrit, 130-Magahi, 131- Bhojpuri, 132- Arabic, 133- Persian, 134- Pali, 135- Bangla | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इन भाषा विषयों में से किसी एक विषय का चयन अतिरिक्त विषय समूह के अन्तर्गत किया गया है। |
| | I.Com | 235-Security, 236-Beautician, 237-Tourism, 238- Retail Management, 239-Automobile, 240-Electronics & H/W, 241-Beauty & Wellness, 242- Telecom, 243- It/ITes | | I.Com | 224- Hindi, 225- Urdu, 226-Maithili, 227-Sanskrit, 228-Prakrit, 229-Magahi, 230-Bhojpuri, 231- Arabic, 232- Persian, 233- Pali, 234- Bangla | |
| | I.A. | 342-Security, 343-Beautician, 344-Tourism, 345- Retail Management, 346-Automobile, 347-Electronics & H/W, 348-Beauty & Wellness, 349- Telecom, 350- It/ITes | | I.A. | 331- Hindi, 332- Urdu, 333-Maithili, 334- Sanskrit, 335-Prakrit, 336- Magahi, 337- Bhojpuri, 338- Arabic, 339- Persian, 340- Pali, 341- Bangla | |
| | I.Sc | 122- Computer Science, 123- Multi Media & Web. Tech. | | Voc. | 485- Physics, 486- Chemistry, 487- Biology, 488- Mathematics, 489- Agriculture, 490- Business Study, 491- Accountancy, 492- Entrepreneurship, 493- History, 494- Political Science, 495- Sociology, 496- Economics, 497- Psychology, 498- Home Science, 499- Geography, 500- Music, 501- Philosophy, 502- Yoga & Phy. Education | |
| | I.Com | 221- Computer Science, 222- Multi Media & Web. Tech. | | | | |
| | I.A. | 317- Yoga & Phy. Edu., 328- Computer Science, 329- Multi Media & Web. Tech. | | | | |
| 24-11-2025 (Monday) | I.Sc | 120- Agriculture | | I.A. | 324- Psychology | |
| | I.A. | 326- Economics | | | | |
| | I.Com. | 219-Economics | | | | |
| 25-11-2025 (Tuesday) | I.A. | 325- Sociology | | I.A. | 318- Music | |
| 26-11-2025 (Wednesday) | I.A. | 321- History | | I.A. | 319- Home Science | |

- **A "Cool off" time of additional 15 minutes has been given above to the examinee. He/She has to use the "Cool off" time for reading and analyzing the questions and to plan the answers accordingly. He/She is not supposed to write answer of any question during the "Cool off" time.**
- **Practical Examinations will be held at the +2 school/college level from 27-11-2025 to 29-11-2025**

6. दृष्टिबाधित एवं वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, को नियमानुसार श्रुतिलेखक (Scribe/Writer) रखने की अनुमति दी जाएगी। श्रुतिलेखक (Scribe/Writer) की सुविधा लेने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में 20 मिनट प्रति घंटा का क्षतिपूरक समय (Compensatory time) देय होगा।

7. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से सम्पर्क कर निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा देने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय में उपस्थिति होना सुनिश्चित करेंगे।

8. सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थी, जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाए। शिक्षण संस्थान के प्रधान उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने संस्थान से इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा आयोजित कर निम्नांकित पंजी में प्राप्तांक प्रविष्ट कर परीक्षाफल का विवरण (Excel Format English Font में) सॉफ्ट कॉपी की सी0डी0 तथा हार्ड कॉपी में (हस्ताक्षर एवं मुहरयुक्त) जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में **दिनांक 05.12.2025 तक** अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के परीक्षार्थियों के उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 का प्राप्तांक पंजी:–**

**+2 School/College code:-** **+2 School/College Name:-**

| Sl.No. | Registration | Student's Name / Mother's Name / Father's Name | M/F | Compulsory Language Subjects (Marks Obtained): Subject-1 | Marks | Subject-2 | Marks | Elective Subjects (Marks Obtained): Subject-1 | Theory | Practical | Total | Subject-2 | Theory | Practical | Total | Subject-3 | Theory | Practical | Total | Aggregate & Result | Additional Subject (Marks Obtained): Add. Sub. | Theory | Practical | Total | Vocational Subject (Marks Obtained): Vocational Sub. | Theory | Practical | Total | Result |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

**+2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर**

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थियों के उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 का प्राप्तांक पंजी:–**

**+2 School Code :-** **+2 School Name:-**

| Sl.No. | Registration | Student's Name / Mother's Name / Father's Name | M/F | Compulsory Language Subjects (Marks Obtained): Subject-1 | Marks | Subject-2 | Marks | Elective Subjects (Marks Obtained): Foundation Course | Marks | Paper | Theory | Practical | Total | Paper | Theory | Practical | Total | Aggregate & Result | Additional Subjects (Marks Obtained) | | | | Result |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

**+2 विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर**

9. उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) छात्र/छात्राओं की सूची निम्नांकित प्रपत्र में (Excel Format English Font में) सॉफ्ट कॉपी की सी0डी0 तथा हार्ड कॉपी (हस्ताक्षर एवं मुहरयुक्त) जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक **05.12.2025 तक** जमा करना सुनिश्चित करेंगे:–

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण (Non Sent-up) परीक्षार्थियों की सूची**

**+2 School/College Code:-** **+2 School/College Name:-**

| Sl.No. | Registration. No | Faculty | Student's Name | M/F | Mother's Name | Father's Name | Absent/ fail |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

**+2 विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर**

10. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि शिक्षण संस्थान के प्रधान अथवा उनके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा **दिनांक 05.12.2025 तक** आपके कार्यालय में लाए गए उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 का परीक्षाफल अपने कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे एवं संस्थान को उक्त की प्राप्ति रसीद दे देंगे। वर्तमान सत्र 2024–2026 के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों का नामांकन OFSS के माध्यम से किया गया हो और किसी कारणवश शिक्षण संस्थान की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से निलम्बित/रद्द वाले महाविद्यालय/+2 विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा, 2025 में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**